# लोक शिक्षण संचालनालय
# गौतम नगर भोपाल,मध्यप्रदेश

ई–मेल– dpividhya@gmail.com दूरभाष 0755–2583650

क्र./अकादमिक/सी/2025/536 भोपाल,दिनांक 18/3/25

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
मध्यप्रदेश।

विषयः– विश्वरूप क्विज 2025–26।

संदर्भः– निदेशक विश्वरूप एजुकेशन नई दिल्ली से प्राप्त पत्र दिनांक 17.03.2025।

–000–

उपरोक्त विषयांतर्गत विश्वरूप एजुकेशन 'भारत का संविधान' पर प्रश्नोत्तरी आयोजित कर रहा है। प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य संविधान पर छपी छवियों के महत्व और संविधान के उस भाग के संबंध में उनके अर्थ को समझाना है। यह प्रश्नोत्तरी सभी छात्रों को सत्य, ईमानदारी, त्याग, समर्पण और देशभक्ति के मौलिक मूल्यों को सिखाने का प्रयास है। क्विज का आयोजन कक्षा 06 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए क्विज के लिए पंजीयन स्कूल स्तर पर किया जाता है इसके लिये लिंक https://olympiad.vishwaroopedu.com है।

पंजीकरण एवं परीक्षा कार्यक्रम

| कक्षा | पंजीकरण की अंतिम तिथि | प्रथम राउंड | द्वितीय राउंड | तृतीय राउंड |
|---|---|---|---|---|
| 06 से 12 | 31.08.2025 | 22.09.2025 | 31.10.2025 | 26.11.2025 |

निर्देश –

1. इस प्रतियोगिता में पंजीयन/परीक्षा शुल्क शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये पूर्णतः निःशुल्क है।
2. प्रतियोगिता का प्रथम चरण विद्यालय परिसर में ही आयोजित होगा।
3. विद्यालय का द्वितीय चरण विश्वरूप पोर्टल पर अथवा विश्वरूप टीम द्वारा तय किये गये स्थान पर आयोजित होगा।
4. प्रतियोगिता का तृतीय एवं अंतिम चरण विश्वरूप एजुकेशन द्वारा निश्चित स्थान पर आयोजित किया जायेगा तथा इस चरण में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्रों की जानकारी पृथक से साझा की जायेगी।
5. पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 14 अप्रैल 2026 अथवा उसके पश्चात आयोजित किया जायेगा। कुल पुरस्कार राशि 5 लाख रूपये तक की होगी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार राशि का विवरण बाद में सूचित किया जायेगा अन्य विशेष पुरस्कारों का विवरण निम्न है –
   - 1000 या अधिक छात्रों का पंजीकरण कराने वाले स्कूल को गोल्डन प्लेट पुरस्कार मिलेगा।
   - 750 या अधिक छात्रों का पंजीकरण कराने वाले स्कूल को सिल्वर प्लेट पुरस्कार मिलेगा।
   - 500 या अधिक छात्रों का पंजीकरण कराने वाले स्कूल को ब्रॉन्ज प्लेट पुरस्कार मिलेगा।
6. अपने जिले अंतर्गत विद्यालयों में अधिक से अधिक सहभागिता हेतु प्रेरित करें।

(आयुक्त महो. से अनुमोदित)

(एच.एन.नेमा) 18/3/25
संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृ.क्र./अकादमिक/सी/2025/537 भोपाल,दिनांक 18/3/25

प्रतिलिपि :–

1. समस्त संभागीय, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश
2. निदेशक, विश्वरूप एजुकेशन, ब्लॉक बी–3, मॉडल टाउन–1, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner